GALLANTT

GIL/GKP/2026-27
July 29, 2026

BSE Limited
Floor 25, PJ Towers
Dalal Street, Mumbai- 400 001
INDIA
Scrip Code: 532726

National Stock Exchange of India Limited
"EXCHANGE PLAZA"
Bandra - Kurla Complex, Bandra (East)
Mumbai- 400 051 INDIA
Symbol: GALLANTT

Dear Sir/Madam,

SUB: NEWSPAPER CUTTINGS FOR PUBLICATION OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026

Please find attached herewith the newspaper cuttings for publication of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2026 in newspapers namely - Economic Times (English - all edition) and Dainik Jagran (Hindi - Vernacular).

Kindly take the same on your record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For GALLANTT ISPAT LIMITED

NITESH KUMAR

Digitally signed by NITESH KUMAR
Date: 2026.07.29 18:14:54 +05'30'

Nitesh Kumar
(CS & COMPLIANCE OFFICER)
M. No. F7496

Encl: As above

Ambuja Cements Net Down 37% as Sales Volume Slips

Consolidated revenue from ops falls 8% to ₹9,500 crore

Nikita Periwal



Mumbai: Ambuja Cements' consolidated net profit fell more than a third in the fiscal first quarter, squeezed by a 7% drop in sales volume and higher costs. However, the Adani Group company said going forward, it will sharpen focus on value over volumes.

Ambuja is the only major cement producer to report quarterly sales volume decline so far. UltraTech Cement, Nuvoco Vistas Corp and Dalmia Bharat clocked 5-13% year-on-year volume growth in the same period.

"Our priority is no longer simply adding capacity, but it is converting scale into high productivity, superior profitability, and stronger returns on capital," said Vinod Bahety, chief executive, on a call to discuss the earnings.

Consolidated net profit slipped 37% year-on-year to ₹660 crore while consolidated revenue from operations fell 8% to ₹9,500 crore. Earnings before interest, tax, depreciation and amortisation (Ebitda) declined 19% to ₹1,589 crore during the period.

"Our strategy remains clear and consistent, creating sustainable value ahead of volume," said Bahety. The company, though, remained confident of outpacing industry growth through the remainder of this fiscal.

While cement demand remained stable last quarter, industry profitability got impacted by higher imported fuel prices, elevated trade costs, and geopolitical tensions in West Asia, he said.

"We used this as an opportunity to perform scheduled maintenance for almost 12% of our kilns, absorbing additional costs of ₹50 per metric tonne this quarter, while we built up clinker inventory of one month and coal inventory of around three months, giving us a competitive edge in the second quarter," he said.

The September quarter is seasonally the weakest for cement companies as demand slows down amid sluggish construction activity due to monsoons.

Suzlon Profit Falls; Co Plans Int'l Foray

Kalpana Pathak

Mumbai: Suzlon Energy plans to set up a rotor blade manufacturing plant each in Gujarat, Karnataka and Tamil Nadu in the next 12 months as the wind energy company accelerates its manufacturing expansion to meet an expected surge in domestic demand and a planned entry into international markets, said a senior executive.

Suzlon has earmarked capital expenditure of ₹600-700 crore this fiscal year on capacity expansion and strategic investments under its Suzlon 2.0 growth strategy, Ajay Kapur, CEO, Suzlon Group, told **ET** after the company's June quarter earnings.

"We are also looking at international markets, and part of the production will get exported out of India," he said, explaining the rationale for the expansion.

Suzlon Tuesday reported a 6% decline in consolidated net profit at ₹305 crore for the June quarter. The company had posted a consolidated net profit of ₹324 crore in the corresponding quarter of the previous fiscal. It clocked its best-ever June quarter by revenue, with more than 500 MW of deliveries translating into 23% YoY revenue growth. Revenue rose to ₹3,819 crore from ₹3,117 crore.

Despite the healthy operational performance, quarterly profit fell due to the lingering impact of geopolitical disruptions and upfront investments linked to the Suzlon 2.0 strategy.

Varun Beverages Net Rises Over 15%

Our Bureau

New Delhi: Varun Beverages (VBL) reported a net profit increase of 15.5% year-on-year at ₹1,521 crore for the quarter ended June 2026 which it attributed to strong volume growth in India and international markets.

Total revenue from operations for PepsiCo's bottling company, excluding excise duty, went up 20.4% year-on-year to ₹8,451 crore.

20.4%
YOY RISE IN REVENUE FROM OPS TO ₹8,451 CR

PepsiCo's second-largest franchise bottler outside US saw international operations driving higher growth in the June quarter, with volumes from overseas markets expanding at nearly three times the pace of its India business.

Its international volumes surged 38.4% year-on-year in the quarter compared to 14.4% growth in India, with consolidated sales volumes increasing 19.8% to 466.7 million cases, the company reported.

However, VBL's earnings fell short of Street estimates, with shares dropping 8% in Tuesday's trade to touch a low of ₹429 on the BSE. The company said in an exchange filing that finance costs climbed 55.8% year-on-year on account of its acquisition of beverage maker Twizza in South Africa. Income earned on surplus cash in India was accounted for under other income, it said.

Air India's Provisional Q1 Loss likely to Cross ₹1,200 crore

Our Bureau

New Delhi: Singapore Airlines (SIA) incurred a net loss of ₹311.78 crore from its 25.1% stake in Air India in the three months ended June, the airline said, while declaring its quarterly earnings Tuesday.

The results indicate that Air India's provisional loss for the fiscal first quarter has crossed ₹1,200 crore, per **ET's** calculations, though there can be minimal variations in the actual numbers as sharply higher fuel costs and sustained closure of Pakistani airspace has kept the Tata Group-owned carrier's operations under pressure. In comparison, Air India's biggest rival IndiGo clocked a loss of ₹382 crore in the same period.

SIA, however, emphasised that it along with partner Tata Sons are committed to Air India's long-term success, and working together to support its multi-year transformation programme.

The losses come in the midst of an aggressive network and fleet expansion by Air India, placing combined orders for 770 aircraft from Airbus and Boeing over 2023 and 2024. The carrier has been banking on scale to alleviate unit costs and turn profitable, but external headwinds have complicated that path. A turnaround of Air India could take up to a decade, Tata Sons chairman N Chandrasekaran said in the company's FY26 annual report. The carrier posted a net loss of ₹22,238 crore in FY26.

Price of aviation turbine fuel, which accounts for nearly 40% of the cost of operating an airline in India, has spiralled due to the US-Iran war. This has hit all Indian carriers but has proved particularly damaging for Air India, which operates a large number of wide-body jets on long-haul international routes where fuel burn is significantly higher.

GALLANTT

GALLANTT ISPAT LIMITED
CIN: L27109UP2005PLC195660
Regd. Office: Gorakhpur Industrial Development Authority (GIDA), Sahjanwa, Gorakhpur – 273209, Uttar Pradesh
Contact No: 0551-3515500; www. gallantt.com; E-mail: csgml@gallantt.com;

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (STANDALONE & CONSOLIDATED) FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2026

(Rs. In Lakhs except EPS)

Sr. No.	Particulars	Standalone Results				Consolidated Results			
		Quarter ended 30.06.2026 Unaudited	Quarter ended 31.03.2026 Audited	Quarter ended 30.06.2025 Unaudited	Year ended 31.03.2026 Audited	Quarter ended 30.06.2026 Unaudited	Quarter ended 31.03.2026 Audited	Quarter ended 30.06.2025 Unaudited	Year ended 31.03.2026 Audited
1.	Total Income from Operations (Net)	1,16,397.70	1,22,933.68	1,13,460.30	4,47,851.60	1,16,397.70	1,22,933.68	1,13,460.30	4,47,851.60
2.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	16,481.45	16,162.04	21,637.29	60,404.08	16,481.45	16,161.44	21,637.29	60,404.08
3.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, after Exceptional and / or Extraordinary items)	16,481.45	16,162.04	21,637.29	60,404.08	16,481.45	16,161.44	21,637.29	60,404.08
4.	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	12,366.74	12,283.56	17,379.43	48,427.31	12,366.74	12,283.08	17,379.43	48,427.31
5.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax)] and Other Comprehensive Income (after tax)	12,418.92	12,356.52	17,484.48	48,456.05	12,418.92	12,356.04	17,484.48	48,456.05
6.	Paid up Equity Share Capital	24,128.09	24,128.09	24,128.09	24,128.09	24,128.09	24,128.09	24,128.09	24,128.09
7.	Earnings Per Share (Face Value of Rs. 10/- each) (for continuing discontinued and operations) - 1. Basic: 2. Diluted:	5.13 5.13	5.09 5.09	7.20 7.20	20.07 20.07	5.13 5.13	5.09 5.09	7.20 7.20	20.07 20.07

NOTES:
1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the Quarter ended 30 June. 2026 (UFR) filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the UFR is available on the website of BSE Limited www.bseindia.com and National Stock Exchanges of India Limited www.nneindia.com where the securities of the Company are listed and is also available on the website of the Company www.gallantt.com
2. The above Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective Meetings held on 27th July. 2026. UFR have been subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company.
3. Previous period / year figures have been rearranged/regrouped, reclassified and restated wherever considered necessary.
4. The detailed results can be accessed by scanning the QR Code given below-

For and on behalf of the Board of Directors
GALLANTT ISPAT LIMITED
C.P. Agrawal
(DIN: 01814318)

Date: 27th July, 2026
Place: Gorakhpur

एक नजर में

माखी दुष्कर्म पीड़िता ने लगाया अपमानित करने का आरोप

उन्नाव : माखी दुष्कर्म पीड़िता सुरक्षाकर्मियों के साथ मंगलवार को माखी थाने में पहुंची। उसने दो महिलाओं के नाम पुलिस को बताकर कुछ फेसबुक आइडी के लिंक दिखाए। आरोप लगाया कि ये दोनों महिलाएं इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर उनके विरोध में पोस्ट कर अपमानित करने के साथ दुष्प्रचार कर रही हैं। पीड़िता ने जांच कर कार्रवाई की मांग की। (जासं)

जौहर यूनिवर्सिटी पर विद्यार्थियों का धरना समाप्त

रामपुर : सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी पर दस दिन से चल रहा विद्यार्थियों का धरना आखिरकार समाप्त हो गया। विश्वविद्यालय के अवैध घोषित 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश पर मंडलायुक्त स्तर पर रोक लगाने के बाद सोमवार देर रात पुलिस-प्रशासन के समझाने पर यह फैसला हुआ। अब कमिश्नर कोर्ट में अगली सुनवाई तीन अगस्त को होगी। हाई कोर्ट में बुधवार को इस मामले पर सुनवाई होगी।

बनारस का 28, गोरखपुर का 12 रुपये किराया बढ़ा

प्रयागराज : सावन में कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले कांवड़ियों को असुविधा से बचाने के लिए 30 जुलाई तक रोडवेज बसों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। इस दौरान प्रयागराज से वाराणसी और गोरखपुर रूट पर चलने वाली रोडवेज बसों के किराये में 12 रुपये से लेकर 28 रुपये तक की वृद्धि होगी। वाराणसी की दूरी 126 किमी है, जो फाफामऊ के रास्ते जाने 144 किमी हो जाएगी। साधारण बस का किराया जो अभी 197 रुपये है, वह बढ़कर 225 रुपये हो जाएगा। यानी यात्री को 28 रुपये अधिक देने होंगे। गोरखपुर की दूरी 294 किमी से बढ़ कर 303 किमी हो जाएगी।

इंटर कालेज के एक हजार बच्चों ने किया प्रदर्शन तो चंद घंटे में मान ली गई मांगें

जंतर-मंतर से लौटे छात्र ने खड़ा किया आंदोलन झुका प्रशासन

किशुनपुर कस्बा के सर्वोदय इंटर कालेज में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों से समस्या जानते डीआइओएस राकेश कुमार ● जागरण

जागरण संवाददाता, फतेहपुर : खागा तहसील में 74 साल पुराने सहायता प्राप्त सर्वोदय इंटर कालेज में मंगलवार को एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। मूलभूत सुविधाओं की कमी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हुए कक्षा छह से 12वीं तक के करीब एक हजार छात्र-छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन की मुख्य कमान 12वीं के छात्र अंकुर ने संभाली थी, जो हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन से लौटा था। उसने कालेज के अन्य छात्रों को एकजुट करने के लिए एक हफ्ता पहले से ही वाट्सएप ग्रुप बनाकर रणनीति तैयार की थी। छात्र-छात्राओं की एकजुटता और तेवरों के आगे चार घंटे के ही अंदर प्रशासन को झुकना पड़ा और लगभग सभी मांगें स्वीकार कर ली गईं। इस प्रदर्शन का वीडियो देखते ही देखते इंटरनेट मीडिया पर छा गया और चर्चा का विषय बन गया। सपा, काकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी, कांग्रेस, सांसद चंद्रशेखर समेत कई लोगों ने एक्स पर इसे साझा कर सरकार की घेराबंदी की। कालेज के 17 कमरों में 1500 छात्र-छात्राएं हैं।

हाईकोर्ट में वादकारियों को फोटो शपथपत्र बनवाना पड़ेगा महंगा

विधि, जागरण, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट में मुकदमों की पैरवी के लिए आने वाले वादकारियों को फोटो शपथ पत्र (एफिडेविट) मद में पहली अगस्त से अधिक शुल्क देना होगा। अब इसके लिए सात सौ रुपये देने होंगे। फोटो आइडेंटिफिकेशन सेंटर संचालित करने वाले हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद (एचसीबीए) ने फोटो एफिडेविट शुल्क में बदलाव की सूचना सोमवार को जारी की। महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा के अनुसार नई दरें शनिवार पहली अगस्त 2026 से लागू होंगी। मुकदमों में पैरवी करने वाले व्यक्ति यानी वादकारी को फोटो खिंचवाने पर 700 रुपये की रसीद दी जाएगी। नियत की गई राशि में 575 रुपये अधिवक्ता निधि के रूप में संबंधित अधिवक्ता सदस्य के बैंक खाते में स्थानांतरित किए जाएंगे।

खाद की कालाबाजारी करने वालों पर करें कठोर कार्रवाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● फाइल फोटो

राज्य, जागरण, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। कृषि व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी खाद वितरण व्यवस्था दुरुस्त रखें और तकनीकी समस्या आने पर तत्काल सुधार कराया जाए। उन्होंने सभी मंडलों में उर्वरक उपलब्धता की नियमित निगरानी के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार किसानों को फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। प्रदेश में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। किसान भ्रामक सूचनाओं व अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से उर्वरक भंडारण न करें। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि वर्तमान खरीफ सीजन में एक अप्रैल से 27 जुलाई तक 28.25 लाख टन उर्वरक की बिक्री की जा चुकी है और वर्तमान में 29.05 लाख टन उर्वरक उपलब्ध है। इसमें 14.77 लाख टन यूरिया, 4.81 लाख टन डीएपी, 4.90 लाख टन एनपीके, 3.46 लाख टन एसएसपी और 1.1 लाख टन एमओपी की उपलब्धता है।

विधायक निवास की सातवीं मंजिल से गिर कर भाजपा नेता की मौत

नानकदीन भुर्जी ● इंटरनेट

जासं, लखनऊ : भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री व पूर्व राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) नानकदीन भुर्जी 56 वर्षीय की मंगलवार को दारुलशफा स्थित नए विधायक निवास की सातवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद नानकदीन के छोटे भाई प्रदीप कुमार गुप्ता ने हजरतगंज पुलिस को तहरीर देकर बेल्थरा रोड के विधायक हंसूराम के केयरटेकर मुहम्मद आरिफ पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, नानकदीन मंगलवार दोपहर करीब दो बजे विधायक के आवास पहुंचे थे।

अगस्त में 2.92 प्रतिशत कम देना होगा बिजली का बिल

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : विद्युत उपभोक्ताओं को अगस्त में भी बिजली बिल में कुछ राहत मिलेगी। जून में 10 प्रतिशत ज्यादा बिजली का बिल देने वाले उपभोक्ताओं को जुलाई में जहां 4.43 प्रतिशत कम बिल देना पड़ा, वहीं अगस्त में भी 2.92 प्रतिशत कम बिल देना होगा। ईंधन एवं बिजली खरीद लागत समायोजन के तहत मई के ईंधन अधिभार शुल्क में कमी को देखते हुए जुलाई के बिजली बिल पर अगस्त में सभी श्रेणियों के लगभग 3.73 करोड़ उपभोक्ताओं को 221 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। इस संबंध में पावर कारपोरेशन ने आदेश जारी किया है।

जून में भारी-भरकम 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क वसूलने पर विद्युत नियामक आयोग के कड़े रुख को देखते हुए ही जुलाई में पहली बार उपभोक्ताओं के बिजली बिल में सबसे ज्यादा 4.43 प्रतिशत की कमी हुई है। हालांकि, कारपोरेशन प्रबंधन ने पुराने भुगतान को भी अधिभार में शामिल करते हुए 1610 करोड़ रुपये के लिए जून व जुलाई के बिल में उपभोक्ताओं से 10-10 प्रतिशत अतिरिक्त वसूलने का निर्णय किया था। जून में उपभोक्ताओं से 10 प्रतिशत वसूलने के बाद प्रबंधन जुलाई में भी 10 प्रतिशत वसूलता, उससे पहले ही आयोग ने पुराने भुगतान को अधिभार में शामिल करने पर नाराजगी जता गलत ठहराया था।

प्रेमी से बात करने में बाधा बने तीन साल के बेटे को मार डाला

जागरण संवाददाता, मथुरा : शादी के छह साल बाद प्रेमी के प्यार में अंधी मां ने अपने तीन साल के इकलौते बेटे का गला घोंट दिया। पति को बीमारी से मौत की कहानी सुनाई। एक माह बाद प्रेमी से फोन पर बातचीत में उसके मुंह से हत्या की बात निकल गई। पति ने यह सुना तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। थाने पहुंचे पति ने पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

बलदेव थाना प्रभारी अभय कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने घटना स्वीकार ली। बच्चे का शव निकलवाकर पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

मायावती ने आकाश को मैदान में उतारा हाथरस से छेड़ेंगे चुनावी अभियान

मायावती ●

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती अब अपने भतीजे आकाश आनंद को मैदान में उतारने जा रही हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद 10 अगस्त को हाथरस की सादाबाद विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार के नाम को बतौर प्रभारी घोषणा करेंगे और पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित कर चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। बसपा की रणनीति जिलों में उम्मीदवारों की घोषणा के साथ आकाश की सभाएं कराने और पूरे प्रदेश को मथने की है। वर्ष 2007 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली बसपा उसके बाद से हर चुनाव में कमजोर प्रदर्शन कर रही है। इस बार मायावती की कोशिश पुराने सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले के साथ अपने अनुसूचित वोट पर दोबारा पकड़ मजबूत करने की है। इसके लिए, पार्टी ने अभी से उम्मीदवारों की घोषणा करना शुरू कर दिया है।

भूमिका से नहीं, नतीजों से होगी स्कूलों की पहचान

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : अब परिषदीय विद्यालयों और शिक्षा योजनाओं का मूल्यांकन केवल बैठकों और रिपोर्टों से नहीं, बल्कि तय की परफार्मेंस इंडिकेटर्स (केपीआइ) के आधार पर होगा। समग्र शिक्षा के तहत सितंबर तक के लिए परिणाम आधारित कार्य प्रणाली लागू कर दी है। इसके तहत निपुण भारत मिशन, विद्यालय निर्माण, बाल वाटिका, समेकित शिक्षा, आरटीई, पीएम श्री समेत सभी प्रमुख योजनाओं की प्रगति जिला, ब्लाक और विद्यालय स्तर पर पोर्टल आधारित निगरानी, गैप एनालिसिस और समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई से परखी जाएगी।

खुले नालों ने बरपाया कहर, एक की मौत दो लापता

जागरण टीम, लखनऊ : तेज बारिश ने नगर निकायों और स्थानीय प्रशासन के जल-निकासी व सुरक्षा के दावों की कलई खोलकर रख दी है। खुले नाले और उफनती नालियां एक बार फिर मासूम बच्चों के लिए काल साबित हुईं। मंगलवार को बुलंदशहर में स्कूल से लौट रही कक्षा चार की छात्रा उफनाते नाले में बह गई, वहीं औरैया में नाली में डूबने से डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बरेली में बारिश में नहाते समय एक छह वर्षीय दिव्यांग बालक नाले के तेज बहाव में लापता हो गया। इसी महीने 16 और 18 जुलाई को बुलंदशहर के सिकंदराबाद और खुर्जा में खुले नाले में गिरने से दो लोगों की मौत हो चुकी है। 25 जुलाई को सहारनपुर में भी एक सब्जी विक्रेता की नाले में गिरकर मौत हो चुकी है।

आइआइटी की वेबसाइट में सेंध लगाने वाले को मिलेगा प्रवेश का मौका

जागरण संवाददाता, कानपुर : आइआइटी के बी. साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं मिलने पर एक छात्र ने उसके सिस्टम में ही सेंध लगा दी। वेबसाइट हैक करने का दावा करते हुए छात्र ने आइआइटी के सिस्टम में साइट इज हैक, आल आइ नीड इज जस्ट ए फेयर चांस (साइट हैक हो चुकी है, मुझे केवल एक निष्पक्ष अवसर चाहिए) का मैसेज भेजा। छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का प्रस्ताव आने पर आइआइटी निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने स्थिति संभाली और हैकिंग करने वाले युवा को बुलाकर टेस्ट लेने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि अगर वास्तविक प्रतिभा है, तो उसे दबाने की जगह आगे बढ़ने का मौका देते हुए अपने कोर्स में प्रवेश देंगे।

वेबसाइट हैक करने वाले छात्र ने एक्स और रेडिट पर अपने दावे से संबंधित स्क्रीनशाट को साझा किया है, जिसे कई लोग अपने मैसेज के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। छात्र ने अपने संदेश में दावा किया कि उसका उद्देश्य आइआइटी को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाना नहीं था। वह केवल अपने प्रवेश आवेदन की योग्यता को सिद्ध करना चाहता था। आइआइटी निदेशक ने कहा कि बी. साइबर सिक्योरिटी कोर्स में सभी को हैकथान के माध्यम से प्रवेश का मौका दिया गया।